Reference Re: International Peace Day

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर उल्लेख

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, 21 सितंबर का दिन अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केरूप में मनाया जाता है।

सभी राष्ट्रों और लोगों के बीच शांति के आदर्शों के स्मरण और उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का विषय है – "शांति के लिए कार्य : हैश टैग वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी आकांक्षा"।

भारत विश्व शांति को प्रोत्साहन देने के लिए सदैव विभिन्न देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने, परस्पर संवाद के माध्यम से आपसी टकरावों का समाधान करने और वैश्विक एवं क्षेत्रीय शांति और अहिंसा के आदर्शों को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारी संस्कृति सदियों से अहिंसा की रही है।

आइए, हम इस अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर ऐसे विश्व के निर्माण के लिए संवाद, संवेदनशीलता, सहिष्णुता और सहयोग की भावना से काम करें, ताकि हम एक शांतिपूर्ण विश्व का स्वप्न साकार कर सकें।